**Series 6HPK5Δ/C**

**SET~4**

**कोड नं. 62**

रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं ।

(iv) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# समाजशास्त्र

collegedunia India's largest Student Review Platform

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से पालन कीजिए :*

1. *यह प्रश्न-पत्र **चार** खण्डों में विभाजित है ।*

2. *प्रश्नों की कुल संख्या **35** हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

3. ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1 – 16** वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का **1** अंक है । इनके उत्तर निर्देशानुसार दीजिए ।*

4. ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **17 – 25** अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

5. ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **26 – 32** लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **4** अंक हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए । प्रश्न संख्या **26** और **27** प्रकरण अध्ययन आधारित प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के 4 भाग हैं और प्रत्येक भाग **1** अंक का है, जिससे यह प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का बन जाता है ।*

6. ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **33 – 35** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **6** अंक हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए । प्रश्न संख्या **35** का उत्तर दिए गए अनुच्छेद के आधार पर देना है ।*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक 'वर्ण' का उदाहरण ***नहीं*** है ? *1*

(A) ब्राह्मण

(B) क्षत्रिय

(C) शूद्र

(D) यादव

**2.** निम्नलिखित में से 'प्रबल जाति' की संकल्पना का श्रेय किसको जाता है ? *1*

(A) डी.एन. मजूमदार

(B) ए.आर. देसाई

(C) जी.एस. घुर्ये

(D) एम.एन. श्रीनिवास

**3.** 'बहिष्कार, अनादर और शोषण' — ये किसके आयाम रहे हैं ? *1*

(A) जाति

(B) जनजाति

(C) अस्पृश्यता

(D) उपर्युक्त सभी

*रिक्त स्थान भरिए :*

**4.** कलिंग नगर आदिवासी हत्याकाण्ड __________ प्रदेश में हुआ था । *1*

**5.** आम बोल-चाल में 'अस्पृश्यता' को __________ कहते हैं । *1*

**6.** *'वैदिक अथॉरिटीज़ फॉर विडो मैरिज'* नामक पुस्तक किसने लिखी ? *1*

(A) एम.जी. रानाडे

(B) राजा राममोहन राय

(C) ज्योतिबा फुले

(D) सर सैयद अहमद खान

**7.** (a) देश में 'राष्ट्रवादी भावना' पनपने का क्या कारण था ? *1*

(A) जातिवाद

(B) भाषावाद

(C) क्षेत्रवाद

(D) उपनिवेशवाद

**अथवा**

(b) हमारे देश की संसदीय, विधि और शिक्षा व्यवस्था ब्रिटिश प्रारूप व प्रतिमानों पर आधारित है । (सत्य/असत्य) *1*

**8.** 'संस्कृतिकरण' शब्द की उत्पत्ति किसने की है ? *1*

(A) जी.एस. घुर्ये

(B) रजनी कोठारी

(C) एम.एन. श्रीनिवास

(D) राधाकमल मुखर्जी



collegedunia India's largest Student Review Platform

*रिक्त स्थान भरिए :*

**9.** __________ ने औपनिवेशिक भारत में आधुनिक परिवर्तन के तीन पहलुओं को बताया । *1*

**10.** (a) पुणे में महिलाओं के लिए पहला विद्यालय __________ ने खोला था । *1*

**अथवा**

(b) हिन्दू शास्त्रों के आधार पर सती प्रथा का विरोध __________ ने किया था । *1*

**11.** "मैं मशीनों के प्रति पागलपन का विरोधी हूँ, लेकिन मशीनों का विरोधी नहीं हूँ ।" यह कथन किसका है ? *1*

(A) कार्ल मार्क्स

(B) महात्मा गाँधी

(C) मैक्स वैबर

(D) एमाइल दुर्खीम

**12.** निम्नलिखित में से कौन-से उद्योग भारत के प्रथम आधुनिक उद्योग थे ? *1*

(A) रुई

(B) जूट

(C) कोयला खानें

(D) उपर्युक्त सभी

**13.** सरकार द्वारा सार्वजनिक कंपनियों को निजी क्षेत्र को बेचना __________ कहा जाता है । *1*

**14.** निम्नलिखित में से किस क्षेत्र के कर्मचारियों को 'समय की चाकरी' करनी पड़ती है ? *1*

(A) आई.टी. क्षेत्र

(B) सरकारी क्षेत्र

(C) व्यापार व उद्योग

(D) कृषि

**15.** चिपको आन्दोलन से किसका नाम जुड़ा है ? *1*

(A) सुन्दरलाल बहुगुणा

(B) अनिता घई

(C) रामचन्द्र गुहा

(D) उपर्युक्त सभी

**16.** *'द लॉजिक ऑफ कलैक्टिव एक्शन'* पुस्तक __________ ने लिखी । *1*

**खण्ड ख**

**17.** औपचारिक जनसांख्यिकी सामाजिक जनसांख्यिकी से किस प्रकार भिन्न है ? *2*

**18.** अधिकांश देशों में पराश्रितता अनुपात बढ़ना चिंता का कारण क्यों बन गया है ? *2*

**19.** स्त्री-पुरुष अनुपात से आप क्या समझते हैं ? *2*

**20.** (a) जातियों में 'शुद्धता' तथा 'अशुद्धता' का आधार क्या है ? *2*

**अथवा**

(b) जनजातियों के स्थायी लक्षण क्या हैं ? *2*

**21.** (a) विश्वभर में निर्योग्यता/अक्षमता के बारे में कोई दो सार्वजनिक धारणाएँ लिखिए । *2*

**अथवा**

(b) जातीय विषमता को दूर करने के लिए अपनाई गई कुछ नीतियों का वर्णन कीजिए । *2*

**22.** (a) विसंस्कृतिकरण शब्द का अर्थ बताइए । *2*

**अथवा**

(b) पश्चिमीकरण ने हमारे समाज पर क्या प्रभाव डाले ? *2*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**23.** हड़ताल और तालाबन्दी में अन्तर स्पष्ट कीजिए । *2*

**24.** सामाजिक परिवर्तन तथा सामाजिक आन्दोलन के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए । *2*

**25.** विरोध प्रदर्शन के विशेष तरीके क्या हैं ? *2*

## खण्ड ग

**26.** (a) नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर इसके आगे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रजनन दरें अलग-अलग होती हैं उसी प्रकार आयु संरचना में भी बहुत अधिक क्षेत्रीय अंतर पाए जाते हैं । एक ओर तो स्थिति यह है कि केरल जैसा राज्य आयु संरचना के मामले में विकसित देशों की स्थिति को प्राप्त करने लगा है, वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश की स्थिति बिलकुल भिन्न है जहाँ अपेक्षाकृत छोटे आयु समूहों में जनसंख्या के अनुपात काफ़ी अधिक हैं और वृद्धजनों के अनुपात अपेक्षाकृत कम हैं । कुल मिलाकर भारत की स्थिति लगभग बीच की है क्योंकि यहाँ उत्तर प्रदेश जैसे राज्य भी हैं और केरल जैसे राज्य भी, जिनकी संख्या ज्यादा है ।

(i) भारत की जनगणना 2011 के अनुसार निम्नलिखित में से भारत के किस राज्य में कुल प्रजनन दर सबसे कम है ? *1*

(A) केरल
(B) राजस्थान
(C) बिहार
(D) मध्य प्रदेश

(ii) भारत में सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य कौन-सा है ? *1*

(A) राजस्थान
(B) झारखण्ड
(C) बिहार
(D) उत्तर प्रदेश

(iii) भारत की अधिकांश युवा जनसंख्या उत्तर प्रदेश में है । (सही/ग़लत) *1*

(iv) प्रजनन दर का अर्थ स्पष्ट कीजिए । *1*

**अथवा**

(b) नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर इसके आगे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

ऐतिहासिक तौर पर, सम्पूर्ण विश्व में यह पाया गया है कि अधिकांश देशों में स्त्रियों की संख्या पुरुषों की अपेक्षा थोड़ी अधिक होती है । इस तथ्य के बावजूद कि कुदरती तौर पर मादा बच्चों की तुलना में नर बच्चे कुछ ज्यादा पैदा होते हैं यानि प्रकृति हर 1000 नर बच्चों के पीछे मोटे तौर पर 943 से 952 तक मादा बच्चे पैदा करती है । इस तथ्य के बावजूद, यदि स्त्री-पुरुष अनुपात थोड़ा स्त्रियों के पक्ष में है तो फिर इसके दो कारण हो सकते हैं । पहला यह कि शैश्वावस्था में बालिका शिशुओं में बालक शिशुओं की अपेक्षा रोग के प्रतिरोध की क्षमता अधिक होती है । जीवन चक्र के दूसरे सिरे पर, अधिकांश समाजों में स्त्रियाँ पुरुषों की तुलना में अधिक वर्षों तक जीवित रहती हैं ।

(i) स्त्री-पुरुष अनुपात जनसंख्या में लिंग संतुलन का एक महत्त्वपूर्ण सूचक है । (सही/ग़लत) *1*

(ii) स्त्री-पुरुष अनुपात स्त्रियों के पक्ष में होने का क्या कारण है ? *1*

(A) शिक्षा का प्रभाव
(B) स्त्रियों का दीर्घायु होना
(C) रोग प्रतिरोधक क्षमता का अधिक होना
(D) (B) और (C) दोनों



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

(iii) किस राज्य में बाल सेक्स अनुपात सबसे कम है ? *1*

(A) पंजाब

(B) हरियाणा

(C) बिहार

(D) मेघालय

(iv) रिक्त स्थान भरिए :

परिवार में बेटे की अधिमान्यता के कारण _________ की उपेक्षा की जाती है । *1*

**27.** (a) नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर इसके आगे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

आदिवासियों के मामले में, उनकी आबादी के एक इलाके से दूसरे इलाके में आने जाने से हालात और भी उलझ गए हैं । आज, पूर्वोत्तर राज्यों को छोड़कर, देश में ऐसा कोई इलाका नहीं है जहाँ केवल जनजातीय लोग ही रहते हों; सिर्फ़ ऐसे इलाके हैं जहाँ जनजातीय लोगों का जमावड़ा अधिक है । यानी उनकी आबादी घनी है । उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य से अब तक बहुत से ग़ैर-जनजातीय लोग मध्य भारत के जनजातीय जिलों में जा बसे हैं और उन्हीं जिलों के जनजातीय लोग भी रोज़गार की तलाश में बागानों, खानों, कारखानों तथा रोज़गार के अन्य स्थलों में चले गए हैं ।

(i) भारत में आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कौन-से हैं ? *1*

(A) हिमाचल प्रदेश

(B) जम्मू कश्मीर

(C) पूर्वोत्तर राज्य

(D) पंजाब

(ii) आदिवासी का मूल अर्थ क्या है ? *1*

(A) बाहर से आए लोग

(B) मूल निवासी

(C) मज़दूर

(D) ग्रामीणवासी

(iii) रिक्त स्थान भरिए :

दलित शब्द की तरह ___________ शब्द भी राजनीतिक जागरूकता और अधिकारों की लड़ाई का सूचक बन गया । *1*

(iv) जनजातीय लोग आराम की तलाश में बाग़ानों, खानों, कारखानों तथा अन्य स्थलों पर चले गए । (सही/ग़लत) *1*

**अथवा**



collegedunia
India's largest Student Review Platform

(b) नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर इसके आगे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

एक धार्मिक या नृजातीय अल्पसंख्यक समूह के मध्यवर्ग के व्यावसायिक व्यक्ति को भी महानगर की एक मध्यवर्गीय कॉलोनी में रहने के लिए घर लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । लोग दूसरे सामाजिक समूहों के बारे में ज्यादातर पूर्वाग्रह से ग्रस्त होते हैं । हम सब एक समुदाय के सदस्य के रूप में बड़े होते हैं जिनसे हर अपने 'संप्रदाय', 'जाति', 'वर्ग' या 'लिंग' के बारे में ही नहीं बल्कि इसके अलावा दूसरों के बारे में भी धारणाएँ बनाते हैं । यह धारणाएँ पूर्वाग्रह से ग्रस्त होती हैं ।

(i) निम्नलिखित में से अल्पसंख्यक समूह कौन-सा है ? *1*

(A) ब्राह्मण

(B) क्षत्रिय

(C) मुस्लिम

(D) उपर्युक्त सभी

(ii) __________ से तात्पर्य एक समूह द्वारा दूसरे समूह के प्रति पूर्व-कल्पित धारणा या दृष्टिकोण रखने से है । *1*

(iii) लोग ज्यादातर अपने लिंग, धर्म, नृजातीयता, भाषा, जाति तथा विकलांगता की वजह से भेदभाव और बहिष्कार का सामना करते हैं । (सही/ग़लत) *1*

(iv) वाक्य सही कीजिए :

पूर्वाग्रह सकारात्मक ही होता है । *1*

**28.** (a) भारतीय संदर्भ में साम्प्रदायिकता का आशय स्पष्ट कीजिए । *4*

**अथवा**

(b) सांस्कृतिक विविधता का क्या आशय है ? राज्य सांस्कृतिक विविधता के बारे में प्रायः शंकालु क्यों होते हैं ? *4*

**29.** औपनिवेशिक शासन में आर्थिक विकास में नगरों के योगदान की चर्चा कीजिए । *4*

**30.** भारत में किसानों की आत्महत्या के विभिन्न कारणों का वर्णन कीजिए । *4*

**31.** औद्योगीकरण जबरदस्त समानता लाता है । चर्चा कीजिए । *4*

**32.** 1970 के दशक के मध्य महिला आन्दोलन को भारतीय महिला आन्दोलन का दूसरा दौर क्यों कहा जाता है ? *4*

## खण्ड घ

**33.** (a) उपनिवेशवाद के परिणामस्वरूप जाति व्यवस्था में क्या-क्या परिवर्तन हुए ? संक्षेप में समझाइए । *6*

**अथवा**

(b) जाति व्यवस्था से आप क्या समझते हैं ? इसके सिद्धान्तों की व्याख्या कीजिए । *6*

**34.** आज नागरिक समाज संगठनों की क्या प्रासंगिकता है ? *6*



collegedunia India's largest Student Review Platform

**35.** नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर इसके आगे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *6*

जहाँ 'संविदा खेती' किसानों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है वहीं यह किसानों के लिए अधिक असुरक्षा भी बन जाती है, क्योंकि वे अपने जीवन व्यापार के लिए इन कंपनियों पर निर्भर हो जाते हैं । निर्यातोन्मुखी उत्पाद जैसे फूल और खीरे हेतु 'संविदा खेती' का अर्थ यह भी है कि कृषि भूमि का प्रयोग खाद्यान्न उत्पादन से हटकर किया जाता है । 'संविदा खेती' का समाजशास्त्रीय महत्त्व यह है कि यह बहुत से व्यक्तियों को उत्पादन प्रक्रिया से अलग कर देती है, तथा उनके अपने देशीय कृषि ज्ञान को निरर्थक बना देती है । इसके अतिरिक्त 'संविदा खेती' मूल रूप से अभिजात मदों का उत्पादन करती है तथा चूँकि यह अकसर खाद तथा कीटनाशक का उच्च मात्रा में प्रयोग करते हैं, इसलिए यह बहुधा पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित नहीं होती ।

(a) 'संविदा खेती' से क्या अभिप्राय है ? *2*

(b) 'संविदा खेती' किस प्रकार से किसानों के लिए असुरक्षा का कारण बनती है एवं उनके देशी व्यवहारिक ज्ञान को कैसे अप्रासंगिक बनाती है ? *4*

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform